न्यायालय उपखण्ड अधिकारी दौसा

पीठासीन अधिकारी का नाम : संजय कुमार गोरा (आर.ए.एस)
प्रकरण संख्या : 62 / 2021
दायर दिनाकं : 08.04.2021
निर्णय दिनांक : 07.07.2022

उनवान

1. ओमप्रकाश पुत्र स्व. मन्नाराम जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
2. प्रेमप्रकाश पुत्र स्व. मन्नाराम जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
3. रूकमणी पत्नि स्व. सोहनलाल जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
4. योगेश पुत्र स्व. सोहनलाल जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
5. लोकेश पुत्र स्व. सोहनलाल जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
6. पंकज पुत्र स्व. सोहनलाल जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
7. सुशीला पुत्री स्व. सोहनलाल जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
8. तोफा देवी पत्नि स्व. रामचन्द्र जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
9. महेश कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
10. विनोद कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
11. दिनेश कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।
12. राकेश कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र जाति बैरवा निवासी गुप्तेश्वर रोड विकास कॉलोनी दौसा दौसा।

(प्रार्थीगण)

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील दौसा। (अप्रार्थी)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा एक प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 इस आशय का पेश किया कि वाके ग्राम गणेशपुरा तहसील दौसा में स्थित खसरा नम्बर 134 रकबा 0.95 है0 के प्रार्थी नंबर 1 लगायत 7 व प्रार्थी नंबर 8 का पति व प्रार्थी नंबर 9 लगायत 12 के पिता खातेदार व काबिज काश्तकार हैं। प्रार्थी नंबर 8 का पति व प्रार्थी नंबर 9 लगायत 12 के पिता रामचन्द्र की मृत्यु हो चुकी है। उक्त भूमि पर मौके पर प्रार्थीगण का कब्जा है। प्रार्थीगण की उक्त भूमि का पूर्व में दिनांक 28.11.2019 को सीमाज्ञान कराया जा चुका है। प्रार्थीगण उक्त भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहते हैं। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर उक्त भूमि खसरा नम्बर 134 रकबा 0.95 है0 की पत्थरगढी कराने का अनुरोध किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी की तलबी की गयी। अप्रार्थी तहसीलदार दौसा ने जवाब प्रस्तुत कर अवगत कराया कि खसरा नम्बर 134 पर किसी अन्य न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं है।

प्रकरण में बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा बहस पर मनन किया। राजस्व रिकार्ड के अनुसार खसरा नम्बर 134 रकबा 0.95 है0 प्रार्थी नंबर 1 लगायत 7 के नाम व प्रार्थी नंबर 8 के पति तथा प्रार्थी नंबर 9 लगायत 12 के पिता के नाम खातेदारी दर्ज हैं। तहसीलदार दौसा की रिपोर्ट के अनुसार उक्त भूमि पर किसी अन्य न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं है। तहसीलदार दौसा ने पत्थरगढी करवाने में कोई आपत्ति होना जाहिर नहीं किया है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार दौसा को निर्देशित किया जाता है कि यदि अन्य किसी न्यायालय का स्थगन नहीं हो तो आराजी खसरा नम्बर 134 रकबा 0.95 है0 वाके ग्राम गणेशपुरा तहसील [illegible] पटवारियों / भू.अ. निरी0 की टीम गठित कर सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढी करवायी जावे। [illegible] नियमानुसार राजकीय शुल्क वसूल किया जावे। पत्थरगढी से पूर्व तहसीलदार प्रार्थीगण की उक्त [illegible] 134 के समीपवर्ती काश्तकारों को प्रार्थीगण के खर्चे पर लिखित में सूचना देगा। उक्त आदेश केवल पत्थरगढी का है, जिसमें किसी प्रकार का कब्जा नहीं संभलाया जावे। अगर पुलिस की जरूरत हो तो पुलिस से [illegible] कर पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया तथा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(संजय कुमार गोरा)
उपखण्ड अधिकारी, दौसा
उप खण्ड अधिकारी
दौसा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Kumar Gora
Date: 2023.03.01 12:40:51 IST
Reason: SelfAttested